आकाशवाणी, भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15.07.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य, कहा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने दुबई में कहा- मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों के निवेश के लिए मिलेगा विशेष प्रोत्साहन।
- प्रदेश के 17 जिलों में भारी बारिश येलो अलर्ट जारी।
- एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त ली।

अमित शाह-विकास परिषद

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल कहा कि सरकार ने वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने नई दिल्ली में भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। 3राष्ट्र निर्माण में भारत विकास परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह संगठन देश के लाखों लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सफल हुआ है।

राष्ट्रपति-ओडिशा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज ओडिशा में कटक में, रवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और रवेनशॉ कन्या उच्च विद्यालय के तीन भवनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगी। वे आदिकवि सरला दास के जयंती समारोह में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति कटक में 2024 का कलिंग रत्न पुरस्कार भी प्रदान करेंगी।

विदेश मंत्रालय-कनाडा रथ यात्रा

भारत ने कनाडा में टोरंटो में रथ-यात्रा में व्यवधान पहुंचाने की आलोचना की है और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा कि टोरंटो में रथ यात्रा के दौरान शरारती तत्वों ने हंगामे की कोशिश की जो उत्सवधर्मिता की भावना के विरुद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कनाडा की सरकार लोगों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी।

उद्योग कार्यशाला

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा इंदौर में आज उद्योगों के विस्तार और कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक स्वप्निल गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए कार्यशाला का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

**जस्टिस सचदेवा**

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का स्थाई मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कल विधि एवं न्याय मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की है। वहीं मद्रास हाईकोट के न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह का स्थानांतरण मध्यप्रदेश हाईकोर्ट किया गया है।

**बैठक-उप मुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की प्रथम सामान्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कल भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रतलाम मेडिकल कॉलेज में हाल ही में शिक्षकों की तेज़ गति से की गई नियुक्तियों की सराहना की और निर्देश दिए कि नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं अन्य आवश्यक पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और औपचारिकताओं की समयसीमा में पूर्ति सुनिश्चित हो। रतलाम मेडिकल कॉलेज में अधोसंरचना विस्तार के तहत सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण हेतु 8.490 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है, जिसकी कुल अनुमानित लागत रुपये 180 करोड़ है। इसी प्रकार, पैरामेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु भी 3.1 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिसकी अनुमानित लागत रुपये 14 करोड़ है।

**मुख्यमंत्री-दुबई-स्पेन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे का आज तीसरा और आखिरी दिन है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल दुबई में इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस- फोरम के विशेष सत्र में कहा है कि उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहनकारी नीतियों का लाभ देने के साथ ही नीतियों से हटकर भी अतिरिक्त सुविधाएं देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई के उद्योगपतियों को मध्य प्रदेश में पर्यटन, टेक्सटाइल और एमएसएमई सहित अन्य सेक्टर्स में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री आज दुबई से स्पेन के लिए रवाना हो जाएंगे।

**चित्रकूट विश्वविद्यालय**

चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- यूजीसी की श्रेणी-1 की स्वायत्तता प्राप्त प्रदान की गई। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर कहा कि निश्चित ही यह उपलब्धि प्रदेश में विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण, नवाचारयुक्त शिक्षा पहुंचाने की हमारी संकल्पना को अधिक सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और समस्त विभागीय अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**प्रचंड शक्ति अभ्यास**

युद्धक्षेत्र आधुनिकीकरण के प्रमुख कदम के तौर पर भारतीय सेना की 54वीं इन्फैंट्री डिवीजन की पुनर्गठित जल-थल संरचना- रैमफोर ने कल उत्तर प्रदेश के मेरठ में खड़गा कोर फील्ड प्रशिक्षण क्षेत्र में प्रचंड शक्ति नाम का अभ्यास किया। यह अभ्यास स्ट्राइक कोर के अभियानों में पैदल सैन्य इकाइयों द्वारा विध्वंसकारी तकनीक के उपयोग पर केंद्रित रहा। इसमें वास्तविक समय के युद्ध परिदृश्यों में सैन्य तकनीकी बदलाव को प्रदर्शित किया गया। भारतीय सेना के अनुसार अभ्यास में युद्ध की बदलती गतिशीलता रेखांकित की गई जहां मानवरहित हवाई वाहन-यूएवी, एआई-सक्षम प्रणालियां, ड्रोन और मिसाइल विशेषताओं से युक्त हथियार प्रणाली और स्वायत्त प्लेटफ़ॉर्म, युद्ध परिचालन- क्षमताओं को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं।

**बस हादसा**

खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में कल शाम महिला मजदूरों को घर छोड़ने जा रही बस की एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो जाने से 35 महिलाएं घायल हो गई। खरगोन की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रूहल ने बताया कि भील गांव के समीप बस और ट्रक के बीच टक्कर से हादसा हुआ। टक्कर के बाद बस पलट गई। घायलों को तत्काल कसरावद स्थित शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**लॉर्ड्स टेस्ट**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त ले ली है। लॉर्ड्स में, कल खेल के अंतिम दिन 193 रन के लक्ष्य के जवाब में, भारतीय टीम एक सौ 70 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा 61 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने 3-3 विकेट लिए। पहली पारी में, भारत और इंग्लैंड दोनो का स्कोर 387 रन रहा था। बेन स्टोक्स को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया।

**शतरंज - फिडे महिला विश्व कप**

शतरंज में, भारत की आर. वैशाली और हरिका द्रोणवल्ली ने जॉर्जिया में चल रहे फिडे महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख पहले ही अंतिम 16 में पहुंच चुकी हैं। प्री-क्वार्टर फाइनल में, वैशाली का सामना कज़ाकिस्तान की मेरुएर्ट कामलिडेनोवा से जबकि द्रोणवल्ली का मुकाबला रूस की कैटरीना लागनो से होगा। दिव्या देशमुख का सामना चीन की झू जिनर से और कोनेरू हम्पी का स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक से होना है।

**मौसम**

प्रदेश भर में बारिश का दौर जारी है। कई जिलों में हो रही भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के रतलाम, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, मुरैना सहित 17 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। सामान्य से अधिक वर्षा को देखते हुए शिवपुरी और छतरपुर जिले के कलेक्टर्स ने खरीफ फसल में संभावित क्षति के निरीक्षण हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

समाचार संक्षेप :-

- शिवपुरी जिले में  कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए खरीफ फसल में संभावित क्षति के नेत्रांकन के निर्देश अधिकारियों को दिए है।
- मंडला जिले के टाउनहॉल में आज  मासिक रोजगार मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है।
- इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा “इंदौर स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025” में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 20 जुलाई है।
- ईट राइट चैलेंज फेज-4 प्रतियोगिता में जिला गुना ने 200 में से 180 अंक प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान पाया है।
- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन और एडवेंचर एंड यू के सहयोग से पचमढ़ी मानसून मैराथन का आयोजन किया गया।

******